## एक नजर में

### जिला स्तरीय कवि गोष्ठी का आयोजन करेगी कृति संस्था

**नीमच।** कृति संस्था द्वारा 26 जुलाई 2026 को अपरान्ह 4 बजे से जिला स्तरीय कवि गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी और कार्यक्रम संयोजक किशोर जेवरिया ने बताया कि इस पावस गोष्ठी मे नीमच जिले के आमंत्रित कवियों द्वारा अपनी रचनाओं का पाठ किया जायेगा। नीमच जिले में पहली पहली बार जिला स्तरीय कवि गोष्ठी का आयोजन कृति द्वारा किया जा रहा है। संस्था के सचिव रघुनंदन पाराशर ने बताया कि इस अवसर संस्था की सदस्य विवरणिका का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम सह संयोजक श्रीमती सविता चौधरी श्री कमलेश जायसवाल रहेंगे।

### आरोग्य भारती जिला नीमच की बैठक



**नीमच।** आरोग्य भारती मालवा प्रान्त अध्यक्ष डॉ विष्णु सेन जी कछावा के निर्देशन में आरोग्य भारती जिला नीमच की बैठक हुई जिसमे स्वस्थ ग्राम योजना प्रकल्प को विकसित करने हेतु ग्राम थडोली का चयन किया गया। यह जानकारी देते हुए आरोग्य भारती जिला नीमच अध्यक्ष अजय भटनागर ने बताया कि प्रकल्प का शुभारम्भ भोलानाथ जी (अखिल भारतीय स्वस्थ ग्राम योजना प्रमुख एवं मध्य क्षेत्र संयोजक) के द्वारा दिनांक 26 जुलाई 2026 को ग्राम थड़ोली में किया जाएगा यह कार्यक्रम श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर ग्राम थड़ोली में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा जिसमें ग्रामवासियों बंधु भगिनी आदि की उपस्थिति के साथ ही नीमच जिले के प्रत्येक खण्ड से कार्यकर्ता भी की उपस्थिति रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। नीमच जिले में स्वस्थ ग्राम योजना जिला प्रमुख का दायित्व श्री राजमल जी व्यास नीमच को एवं स्वस्थ ग्राम योजना जिला सह प्रमुख का दायित्व श्रीमती निकिता जी सिंहल को दिया गया है। बैठक में आरोग्य भारती के मालवा प्रान्त सहसचिव और प्रथोमपचार प्रभारी डॉ आशीष जोशी, जिला सचिव आशीष सोनी, नगर अध्यक्ष पारस जैन, ओमप्रकाश चौधरी, किशोर जी बागड़ी, मीना जायसवाल, लक्ष्मी जी प्रेमाणी, बालकृष्ण, थडोली ग्राम पंचायत सचिव राजमल कछावा आदि उपस्थित थे।

### 450 किग्रा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त

**सिंगोली।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये सिंगोली थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम सिंगोली को बड़ी सफलता मिली है।

थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ 450.800 किलोग्राम डोडाचूरा जप्त कर एक आरोपी जसराज पिता बन्नालाल घासल जाट उम्र 37 साल निवासी शमशान घाट के पास ग्राम जीरोता तहसील अराई थाना बोराडा जिला अजमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया है। दिनांक 13.07.2026 को नाकाबन्दी चैकिंग हेतु सिंगोली- कांस्या आम रोड तिलस्यां घाट के नीचे पहला मोड पर पहुँचे जहाँ पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के समय सिंगोली तरफ से एक पीकअप वाहन नम्बर ऋ्छ 42 ञ्र 4006 की आती दिखाई दी, जो पुलिस की नाकाबन्दी को देखकर वाहन चालक वाहन को पलटाने लगा, जिसे घेराबन्दी कर पकडा गया तथा उक्त पीकअप वाहन की तलाशी लेते कुल 28 काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल वजनी 450.800 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मय वाहन के जप्त कर आरोपी जसराज पिता बन्नालाल घासल जाट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से जप्तशुदा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के स्त्रोतो के संबंध मे पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्य मे थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार वर्मा व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### मासिक कामकाजी बैठक संपन्न

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की मासिक कामकाजी बैठक रविवार को



वात्सल्य भवन, नीमच में आयोजित की गई। बैठक भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं जिला संगठन प्रभारी सुभाष पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, डिजिटल प्रशिक्षण एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने बताया कि गत माह जिले के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर संगठनात्मक बैठकों का सफल आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा 'मन की बात' कार्यक्रम में जिले की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने स्मरण पक्ष पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की सफलता पर भी प्रकाश डाला झ्र संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुशासन, समर्पण एवं संगठनात्मक कार्यशैली के बल पर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि प्रदेश एवं जिला संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को बूथ स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा उसकी नियमित समीक्षा भी करें। आर्य ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर बूथ समिति के प्रत्येक सदस्य का प्रशिक्षण एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त करने को वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक प्राथमिकता बताया। उन्होंने मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों से निर्धारित समय सीमा में प्रत्येक बूथ समिति के 21 सदस्यों का प्रशिक्षण पूर्ण कराकर नीमच जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाने का आह्वान किया।जिला संगठन प्रभारी सुभाष पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती निरंतर प्रशिक्षण, नियमित समीक्षा एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली से सुनिश्चित होती है।

## फव्वारा चौक से फ्रूट मंडी तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

- लाल लाइन के बाहर सामान रखने वालों पर चालानी कार्रवाई, जर्जर भवन मालिक को तीन दिन की मोहलत





**नीमच। शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने सोमवार को फव्वारा चौक से फ्रूट मंडी तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान दुकानों के बाहर सड़क एवं फुटपाथ पर रखे सामान, अवैध शेड और अन्य अतिक्रमण हटवाए गए।**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में चली कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों को मौके पर समझाइश दी गई, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई।सीएमओ दुर्गा बामनिया ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में लगातार शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने का मुद्दा उठाया जा रहा था। इसी के तहत चरणबद्ध तरीके से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाल लाइन के बाहर किसी भी प्रकार का सामान रखना या अतिक्रमण करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जर्जर भवन को मरम्मत कराने के निर्देश दिए

उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध चालान, सामान जब्ती तथा आवश्यकता पड़ने पर नगर पालिका की दुकानों के पट्टे निरस्त करने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थायी एवं अवैध अतिक्रमणों को भी चिन्हित कर हटाया जाएगा, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।अभियान के दौरान फव्वारा चौक स्थित एक जर्जर भवन को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए संभावित खतरा मानते हुए उसके मालिक को तीन दिन के भीतर मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। निर्धारित समय में सुधार कार्य नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका की इस कार्रवाई से दिनभर क्षेत्र में हलचल बनी रही। वहीं आम नागरिकों ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने की इस पहल का स्वागत किया।

## आज बघाना छोड़कर पूरे शहर की पेयजल सप्लाई रहेगी बंद

- 600 एमएम राइजिंग पाइपलाइन शिफ्टिंग के चलते जल वितरण एक दिन आगे बढ़ेगा

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच के जल प्रदाय शाखा के सुरेश पवार (केमिस्ट) ने जानकारी देते हुए बताया कि भाटखेड़ा से डूंगलावदा तक सिटी फोर लेन सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। सड़क चौड़ीकरण के चलते जमुनिया कलां पुलिया के समीप नगर पालिका की 600 एमएम व्यास की पेयजल राइजिंग पाइप लाइन को शिफ्ट किया जाना है। इस कार्य के कारण 14 जुलाई 2026 को बघाना क्षेत्र को छोड़कर संपूर्ण शहर में पेयजल प्रदाय बंद रहेगा।

नगर पालिका के अनुसार जल वितरण का कार्यक्रम एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। इसके तहत 14 जुलाई को होने वाली जलापूर्ति अब 15 जुलाई को तथा 15 जुलाई की सप्लाई 16 जुलाई को दी जाएगी। इसी क्रम में आगामी दिनों की जलापूर्ति भी एक-एक दिन आगे संचालित की जाएगी।

नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए पूर्व से ही आवश्यक मात्रा में पेयजल का संग्रह कर लें तथा जल का मितव्ययिता से उपयोग करें। साथ ही पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य पूर्ण होने के बाद नियमित जलापूर्ति पूर्व निर्धारित क्रम के अनुसार पुनः शुरू कर दी जाएगी।



## विवाहिता की संदिग्ध मौत

- घर पर काम करते समय बिगड़ी तबीयत; साइलेंट हार्ट अटैक की आशंका

**नीमच।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र में एक 32 वर्षीय विवाहिता की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। रिटायर्ड कॉलोनी निवासी पूजा मराठा रविवार रात अपने घर पर काम कर रही थीं, तभी वे अचानक अचेत हो गईं। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि महिला की मौत साइलेंट हार्ट अटैक के कारण हुई है।

## शोरूम की दीवार काटकर डेढ़ लाख की चोरी

- बदमाश ने कैश और चांदी के सिक्के चुराए; नई शर्ट पहनी, बिस्कुट खाकर भागा



**नीमच।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक कपड़े के शोरूम 'फैशन क्यूनिक्स' में बड़ी चोरी की वारदात हुई। चोर निर्माणाधीन बिल्डिंग के सहारे शोरूम में घुसे और करीब डेढ़ लाख नकद और चांदी के सिक्के चुरा ले गए।

शोरूम में घुसने के बाद चोर आराम से वहां रखे बिस्कुट खाता दिखाई दिया। इसके बाद उसने शोरूम में टंगी एक नई शर्ट भी पहनी और चोरी के माल के साथ उसी रास्ते से फरार हो गया। चोरी की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

चोर ने शोरूम की चार मंजिला दीवार में करीब 2×2 फीट का छेद किया था। चार मंजिला दीवार में किया छेद- शोरूम के मालिक शिव माहेश्वरी ने बताया कि सोमवार सुबह जब दुकान खोली गई, तो काउंटर का गल्ला खुला मिला। जांच करने पर पता चला कि चोर ने पास की निर्माणाधीन बिल्डिंग के रास्ते ऊपर आकर शोरूम की चार मंजिला दीवार में करीब 2×2 फीट का छेद किया था। इसी रास्ते से वह दुकान के अंदर दाखिल हुआ था।

### गल्ले से बड़े नोट और सिक्के गायब

चोर ने काउंटर के गल्ले में रखी 10-10 रुपए के नोटों की गड्डियों को हाथ भी नहीं लगाया। उसने 500 और 200 रुपए के बड़े नोटों सहित लगभग 1.5 लाख रुपए की नकदी और पूजा के चांदी के सिक्के चुरा लिए। **नई शर्ट पहनी और बिस्कुट खाए-** दुकान के सीसीटीवी फुटेज में सुबह करीब 4:30 बजे चोर का एक अजीब कारनामा सामने आया है।

## 4 वर्षीय मासूम से दुर्व्यवहार मामले में राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी का प्रदर्शन

- निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग



**नीमच।** कनावटी क्षेत्र में चार वर्षीय बालिका से कथित दुर्व्यवहार के मामले को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी ने जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।ज्ञापन के अनुसार, 10 जुलाई की सुबह कनावटी निवासी चार वर्षीय बालिका किराना सामग्री लेने गांव के एक दुकानदार के पास गई थी। परिजनों का आरोप है कि घर लौटने पर बच्ची रो रही थी और पूछने पर उसने दुकानदार द्वारा उसके साथ अनुचित व्यवहार करने की बात बताई। इसके बाद परिजनों ने संबंधित थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), पॉक्सो अधिनियम एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया।संगठन का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी पीड़ित परिवार को आरोपी पक्ष की ओर से धमकियां दी जा रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोष सिद्ध होने पर आरोपी के विरुद्ध कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाए।

## जिले में अब तक औसत 258 .2 मि .मी . वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान 1 जून 2026 से 13 जुलाई 2026 की प्रातः 8 बजे तक जिले में औसत 258.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 348.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अवधि में तहसीलवार वर्षा का विवरण इस प्रकार है— नीमच में 333.0 मि.मी., जावद में 239.0 मि.मी., सिंगोली में 240.9 मि.मी. तथा मनासा में 220.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 310.0 मि.मी., जावद में 410.0 मि.मी., सिंगोली में 449.1 मि.मी. तथा मनासा में 223.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## झोलाछाप डॉक्टर के ईलाज से, मासूम की गई जान, डॉक्टर हुआ फरार

- स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर क्लिनिक को किया सील









**सिंगोली। सिंगोली सहित क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लिनिक में नौसिखिया झोलाछाप डॉक्टर आम जनता की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं जिसकी परिणीति बीते 8 जुलाई को एक मासूम की जान गंवाने के रूप में सामने आई है।**

परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि अंसार पिता शाहिद मेव निवासी माता का खेड़ा ग्राम पंचायत फ़ुसरिया सिंगोली स्थित श्री धाकड़ क्लिनिक पर अपनी मां का इलाज करवाने के लिये आया था। इस दौरान उसे भी हाथ पैर मे दर्द और बुखार महसूस हुआ तो उसने क्लिनिक संचालक से गोली देने को कहा। झोलाछाप डॉक्टर विनोद धाकड़ ने गोली देने के बजाय उसे ड्रिप लगा दी। ड्रिप लगाने के बाद 14 वर्षीय अंसार की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो विनोद धाकड़ ने परिजनों को उसे अन्यत्र ले जाने को कहा जिस पर परिजन उसे भीलवाड़ा के एक निजी हॉस्पिटल में ले गये और वहां डॉक्टर को पूरी घटना से अवगत करवाया। भीलवाड़ा डॉक्टर ने अंसार को दी गई दवा की जानकारी लेने के लिये जब विनोद धाकड़ को फोन लगाया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया। परिजनों ने जैसे तैसे संपर्क कर दी गई दवा की जानकारी ली लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।अंसार जीवन की जंग हार गया और झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही की भेंट चढ़ गया।

हालांकि परिजनों ने पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई और ना ही अंसार का पोस्टमार्टम करवाया। 11 जुलाई को परिजनों द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दिए गए आवेदन में बताया गया कि 08 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 3 बजे सिंगोली तहसील के ग्राम माता का खेड़ा निवासी अंसार पिता शाहिद उम्र 14 वर्ष अपनी मां को बुखार आने पर उसके साथ सिंगोली स्थित श्री धाकड़ क्लिनिक पर आया था। क्लिनिक का संचालन विनोद धाकड़ निवासी ग्राम सोडीजर द्वारा किया जा रहा था। मां के इलाज के दौरान ही उसे भी हाथ पैर में दर्द और बुखार महसूस हुई तो उसने डॉक्टर से गोली देने को कहा। क्लिनिक संचालक ने बच्चे को गोली देने के बजाय बिना किसी जांच के सीधे एक ड्रिप चढ़ा दिया। ड्रिप लगने के 5 से 10 मिनट बाद ही बालक अंसार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद क्लीनिक संचालक बच्चे को आगे लेकर जाने व रेफर करने की बात कहकर उपचार के दौरान दिए गए ट्रीटमेंट की जानकारी दिए बिना ही क्लिनिक से निकल गया।

### स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई

घटना के तीन दिन बाद 11/07/26 को परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग को एक आवेदन देकर बताया कि डॉ. विनोद धाकड़ द्वारा गलत बोतल और गलत इंजेक्शन लगाने से ही उनके बच्चे की मौत हुई है। जिस पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मोहन मुजाल्दे एवं मेडिकल ऑफिसर ईतेश व्यास ने सोमवार को अल सुबह झोलाछाप डॉक्टर विनोद धाकड़ द्वारा संचालित किये जा रहे क्लीनिक को सील कर आगे की कार्यवाही शुरू की। और पुलिस थाना सिंगोली पर भी झोलाछाप डॉक्टर विनोद धाकड़ के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया।सिंगोली सहित क्षेत्र में अनेक झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा वर्षों से ड्रिप और इंजेक्शन का खेल बदस्तूर जारी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों द्वारा इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आम जनता इनका शिकार हो रही है।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में विधायक परिहार ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नीमच। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एनसीसी शिविर के दौरान विधायक दिलीप सिंह परिहार ने पौधारोपण किया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।**

कार्यक्रम में विधायक परिहार ने कहा कि प्रकृति संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विश्वदेव शर्मा, मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, लोकेश चांगल, ओमसिंह हाड़ा, प्राचार्य प्रशांत मिश्रा, एनसीसी के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में एनसीसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

**एक नजर** — यातायात व्यवस्था चरमराई, बड़ी दुर्घटना की आशंका; ग्रामीणों ने की स्थायी समाधान की मांग

## चिताखेड़ा बस स्टैंड पर रोज लग रहा जाम, पुलिस सहायता केंद्र बना औपचारिकता



**नीमच।** जीरन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चिताखेड़ा बस स्टैंड पर इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। प्रतिदिन यात्री बसों, भारी वाहनों एवं अन्य वाहनों की आवाजाही के कारण यहां जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन, राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिंताजनक बात यह है कि बस स्टैंड पर संचालित पुलिस सहायता केंद्र होने के बावजूद यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दे रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में बस स्टैंड पर हालात सबसे अधिक बिगड़ जाते हैं। यात्री बसें सड़क पर ही खड़ी हो जाती हैं, जिससे भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही बाधित होती है और कुछ ही मिनटों में लंबा जाम लग जाता है। ऐसे समय पर पुलिस सहायता केंद्र से किसी प्रकार की यातायात व्यवस्था नहीं कराई जाती।.

### पहले भी हो चुकी है गंभीर घटना

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व इसी बस स्टैंड पर एक गंभीर दुर्घटना भी हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।